अमर उजाला

Chittorgarh News: एनिमल फेट और पाम ऑयल से बना रहे थे नकली घी, पुलिस ने छापा मारकर 1500 किलो घी जब्त किया

जिला मुख्यालय के पास स्थित चित्तौड़ी खेड़ा में पुलिस ने नकली घी बनाने के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक किराए के गोदाम पर छापा मारकर 1500 किलो नकली घी बरामद किया है। इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि पाम ऑयल में एनिमल फेट (पशु चर्बी) और एसेंस मिलाकर नकली घी तैयार किया जा रहा था, जिसे कृतज्ञ और ओम गो शक्ति ब्रांड के नाम से चित्तौड़गढ़ जिले से बाहर सप्लाई किया जा रहा था। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह के सुपरविजन में पुलिस उप अधीक्षक विनय चौधरी की टीम द्वारा की गई। देर रात टीम ने चित्तौड़ी खेड़ा में भेरूलाल गुर्जर के किराए के गोदाम पर छापा मारा, जहां घी बनाने का काम चल रहा था।

Source: https://www.amarujala.com/rajasthan/chittorgarh/police-raid-on-fake-ghee-warehouse-chittorgarh-news-c-1-1-noi1392-2861094-2025-04-22